जागरण : नर्मदापुरम् : इटारसी : बैतूल : हरदा
www.dainikjagranmpcg.com
सिवनी-मालवा • पिपरिया • सोहागपुर • मुलताई • सारनी • आमला • टिमरनी • खिरकिया
भोपाल 25 दिसंबर 2025

## न्यूज कार्नर

### शांति निकेतन के सम्राट ने जीता सिल्वर मेडल



**जागरण नर्मदापुरम।** शांति निकेतन मांटेसरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल नर्मदापुरम के कक्षा पहली के छात्र सम्राट धनगये ने इंदौर में आयोजित राज्य स्तरीय ओपन कराटे टूर्नामेंट में नर्मदापुरम को गौरान्वित किया। अंडर 6 कैटेगरी में सम्राट ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल जीता। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ केएम जार्ज एवं उप प्रधानाचार्य डॉ हेमलता पुरोहित ने सम्राट को पुरस्कार प्रदान कर आशीर्वाद दिया एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

### निरीक्षण के दौरान संदिग्ध मांझा जब्त



**जागरण नर्मदापुरम।** चाइनीज मांझा के विक्रय की रोकथाम हेतु कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र जयस्तंभ चौक, अमर चौक एवं ग्वालटोली में पतंग एवं मांझा विक्रेताओं की दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान राठौर पतंग एवं किराना केंद्र ग्वालटोली, फुटकर विक्रेता जयस्तंभ चौक तथा राजी किराना सिवनीनाका पर विक्रय हेतु रखे गए मांझा को जांचा गया। जांच में संदिग्ध पाए जाने पर कुल 71 बंडल मांझा जब्त किए गए। उक्त कार्रवाई के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट, अपर तहसीलदार शक्ति तोमर, राजस्व विभाग एवं नगर पालिका का अमला मौजूद रहा।

### रेलवे ब्रिज के नीचे कई दिन पुराना शव मिलने से फैली सनसनी

# अवैध संबंधों के शक में युवक की हत्या

**जागरण पिपरिया।** महाकाली मंदिर के पीछे रेलवे ब्रिज के नीचे कई दिन पुराना शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई थी। मंगलवारा टीआई गिरीश त्रिपाठी ने बताया की शव की पहचान राधेश्याम मेहरा उम्र 35 साल निवासी कन्हवार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार राधेश्याम मेहरा को गर्दन के पीछे छैनी से तीन वार किए गए। पुलिस के अनुसार राधेश्याम मेहरा यूरिया लेने का बोल कर घर से निकला था परंतु वह घर नहीं लौटा जिसके बाद उसके मोबाइल की अंतिम लोकेशन भी लाश मिलने वाले स्थान की आ रही थी। पुलिस के मुखबिर तंत्र ने बताया कि राधेश्याम की बाइक आरोपी के पास देखी गई है तब पुलिस ने मुखबिर तंत्र और वीडियो फुटेज के आधार पर हत्या के इस मामले में सनमान बसोड़ उम्र करीब 32 साल निवासी बरेली को हिरासत में लिया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार हत्या का कारण प्रथम दृष्टया आरोपी का अपनी पत्नी के साथ मृतक के अवैध संबध का संदेह होना पाया गया है। सनमान को लगता था कि उसकी पत्नी का राधेश्याम के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा है। चूंकि सनमान की पत्नी भी कन्हवार ग्राम की ही रहने वाली है। हत्या के दिन सनमान ने राधेश्याम को शराब पिलाने के लिए कुचबंदिया मोहल्ले में उसके कमरे पर बुलाया था। कमरे के पास ही लकड़ी का टाल है। जहां छैनी से राधेश्याम की गर्दन पर तीन वार कर उसकी हत्या कर दी और लाश को रेलवे ब्रिज के नीचे फेंक दिया था।

पुलिस ने सनमान को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वही फारेंसिक टीम ने भी हत्या स्थल का दौरा कर साक्ष्य जुटाए है।

### परिजन के साथ पुलिस से मिले पलिया



पिछले कई दिनों से लापता हुए ग्राम कन्हवार निवासी राधेश्याम मेहरा की संदिग्ध हालत में शव मिला तो उनके परिवार जनों के साथ सतपाल पलिया पुलिस थाने पहुंचे। पीड़ित पिता का कहना था की पिछले एक हफ्ते से उनके लापता हुए बेटे राधेश्याम का कोई पता नहीं चल पा रहा था और ना ही पुलिस कोई सुराग लगा पायी थी और अचानक आज शव प्राप्त हुआ। सतपाल पलिया ने थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी से चर्चा की तो उन्होंने विश्वास दिलाया की पुलिस प्रशासन पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है और पुलिस ने हत्या की गुत्थी को सुलझा लिया है और आरोपी को पकड़ लिया है।

### पुलिस को मिला हत्या का वीडियो

पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी सनमान ने हत्या के समय अपने मोबाईल से पूरी घटना का वीडियों भी बनाया है। सूत्र बताते है कि इस वीडियों को सनमान ने फ्रंट कैमरा चालू कर बनाया है। जिसमें वह खुद भी दिख रहा है। सनमान ने इस वीडियों में अपनी पत्नी को कहा है कि इसको तो मैने मार दिया अब तेरी बारी है। सनमान ने यह वीडियों अपनी पत्नी को दिखाने के लिए बनाया था। पुलिस सूत्र बताते है की सनमान का मोबाईल और यह वीडियों पुलिस ने बरामद कर फारेंसिक लैब में जांच के लिए भेज दिया है।

## समेरिटंस खेल स्पर्धा का शुभारंभ

**जागरण नर्मदापुरम।** समेरिटंस विद्यालय सांदीपनी परिसर के प्री प्राइमरी विभाग के बच्चों की खेल स्पर्धा समेरिटंस स्पोर्ट्स गाला 2025 का शुभारंभ समारोह पूर्वक हुआ।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ अतुल सेठा थे। उन्होंने विद्यार्थियों को खेल के महत्व, शारीरिक शिक्षा और शारीरिक स्वास्थ्य के बारे में बताया। प्री प्राइमरी इंचार्ज स्वाति खंपरिया ने स्पर्धा आयोजन की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रेरणा रावत, मैनेजर शिखा खंपरिया, कोऑर्डिनेटर आरके सिंह उपस्थित रहे। आयोजन में विभिन्न खेल स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी।

## विद्यार्थियों को बताया आपदा से कैसे निपटें

**जागरण नर्मदापुरम।** समेरिटंस विद्यालय सांदीपनी परिसर में चल रही कार्यशालाओं के तहत बुधवार को आपदा प्रबंधन, ब्यूटी एंड वेलनेस और ग्राफिक्स डिजाइन विषय पर कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। इन कार्यशालाओं में सैकड़ों बच्चों ने सहभागिता की और विषय विशेषज्ञों से विषय के संबंध में जानकारी प्राप्त की। ज्ञात रहे कि विद्यालय में पिछले एक सप्ताह से उक्त कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को होमगार्ड के प्लाटून कमांडर शिवराज चौधरी और एनडीआरएफ की टीम के सदस्यों ने बच्चों को प्राकृतिक आपदा से निपटने के गुर बताए। इस दौरान उन्होंने बच्चों को बताया कि बाढ़, भूकंप, आगजनी या अन्य प्रकार की आपदा के दौरान हमें क्या करना चाहिए। हम अपनी और अन्य लोग की जान कैसे बचा सकते हैं। एक अन्य कार्यशाला में ब्यूटी एक्सपर्ट नेहा साहू ने बच्चों को ब्यूटी और वेलनेस के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि इसमें हमें क्या सावधानी रखनी चाहिए और इस फील्ड में कॅरियर के स्कोप के बारे में भी जानकारी दी। एक अन्य कार्यशाला में मुस्कान राज ने ग्राफिक्स डिजाइन का प्रशिक्षण दिया। विद्यालय प्राचार्य प्रेरणा रावत ने बताया कि इसके पूर्व मशरूम उत्पादन मास मिडिया और अन्य विषय की कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। आने वाले दिनों में और कार्यशालाएं भी होगी।

## मैन रोड पर आहते के कारण लगता है जाम

**जागरण माखननगर।** शहर के बीच से नर्मदापुरम पिपरिया मुख्य मार्ग गुजरता है। इस मुख्य मार्ग पर शराब दुकान के सामने भीड़भाड़ तो रहती है साथ ही अवैध रूप से चल रहे अहाता के कारण यहां रोज शाम को जाम लग जाता है। कई बार इसकी शिकायतें हुई पर प्रशासन के कान पर जूं तक नहीं रेंकती। आमजन सरेराह होने वाली शराबखोरी से परेशान हैं। लोग प्रशासन पर तंज कसते है कि शराबियों के जाम के कारण सड़क पर जाम लग रहा है। यहां तक कि कई बार पुलिस की गाड़ी भी जाम में फंस जाती है पर आमजन पर रुआब दिखाने वाली पुलिस इन अवैध शराबखोरी करने वालों के आगे विवश दिखती है। आखिर ठेकेदार का प्रशासन में रसूख भी है और सेवा पानी में भी पीछे नहीं है तो भला आम आदमी की क्या विसात या उसकी चिंता कोई क्यों पालेगा। जब कभी किसी व्हीआईपी का प्रोटोकॉल होता तभी पुलिस इस क्षेत्र में सक्रिय दिखती है वरना आम दिनों में इस व्यस्ततम चौराहे पर पुलिस की कोई व्यवस्था नहीं दिखती पहले जब यहां पुलिस की व्यवस्था हुआ करती थी तो कम से कम जाम टकराने वालों पर अंकुश था।



**इनका कहना है....**

कई बार पुलिस बल की कमी के कारण दिक्कत आती है। चौराहे पर स्थाई तौर पर पुलिसकर्मी की ड्यूटी रहेगी ताकि जाम की स्थिति न बने। अवैध शराबखोरी के विरुद्ध भी पुलिस लगातार कार्यवाही कर रही है।
**-अनूप उइके,** थाना प्रभारी,माखननगर

## वेतन होने के बाद भी काम पर नहीं लौटे नगर परिषद के सफाई कर्मी



सफाई नहीं होने से नगर में जगह जगह लगा कचरे का अंबार

**जागरण सोहागपुर।** समय से वेतन नहीं होने सहित कुछ अन्य मांगों को लेकर नगर परिषद की सफाई शाखा के नियमित एवं विनियमित श्रेणी के कर्मचारी बिना सूचना दिए मंगलवार को हड़ताल पर बैठ गए थे। सफाई कर्मचारियों के नगर परिषद प्रांगण में सामूहिक रूप से हड़ताल पर बैठने के उपरांत देर शाम नगर परिषद के द्वारा वेतन भी कर दिया गया था वेतन होने के बाद भी बुधवार को सफाई कर्मी जब काम पर नहीं लौटे तो नगर परिषद सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा के द्वारा उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं। सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के कारण नगर में जगह-जगह कचरे का ढेर लग गए जिसके कारण आम जन परेशान हैं।

## पंचतत्व में विलीन हुए नवल सेठ

**जागरण नर्मदापुरम।** प्रतिष्ठित साहित्यकार अशोक जमनानी के अग्रज व कालोनाइजर नतम जमनानी के पूज्य पिताजी नवल जमनानी का मंगलवार को दुखद निधन हो गया था बुधवार को उनकी अंतिम यात्रा निज निवास से राजघाट के लिए निकली जिसमें नगर के गणमान्य नागरिक और व्यापारीगण शामिल हुए। राजघाट पर पुत्र नतम ने मुखाग्नि दीं। वहीं उपस्थित लोगों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी। गौरतलब है कि होटल हजूरी के संचालन के साथ व्यवसाय जगत और सामाजिक क्षेत्र में नवल सेठ के नाम से ख्यात दिवंगत श्री जमनानी पिछले कुछ समय से अस्वस्थ्य चल रहे थे। मंगलवार सुबह हृदयाघात से उनका दुखद निधन हो गया। श्री जमनानी के निधन पर साहित्य, कला, राजनीति एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े कई लोगों ने अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए नवल जमनानी को श्रद्धांजलि अर्पित की है। दिवंगत श्री नवल जमनानी की पगड़ी रस्म कार्यक्रम बशणशाह दरबार कृष्णापुरी रेलवे स्टेशन के पास कल शुक्रवार को शाम पांच बजे होगी।



## कर्मचारी संगठन समाज और शासन-प्रशासन के बीच सेतु : नारोलिया

**जागरण नर्मदापुरम।** राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने राज्य कर्मचारी संघ नर्मदापुरम के नव-नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत एवं सम्मान किया। यह सम्मान समारोह नर्मदापुरम स्थित उनके कार्यालय संवाद केन्द्र में आयोजित हुआ। इस अवसर पर सांसद श्रीमती नारोलिया ने नव-नियुक्त पदाधिकारियों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया उन्हें उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि कर्मचारी संगठन समाज और शासन के बीच सेतु का कार्य करते हैं और कर्मचारियों के हितों की रक्षा में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है। समारोह में विक्रम नारोलिया, मंडल अध्यक्ष रुपेश राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष विकास नारोलिया, धर्मेंद्र जाट, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुंदरम अग्रवाल सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने भी नव-नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया। सम्मान समारोह में राज्य कर्मचारी संघ के संभागाध्यक्ष भुवनेश्वर दुबे, जिलाध्यक्ष अंजू नारोलिया, सचिव शैलेन्द्र तोमर, जिला कोषाध्यक्ष शिवम पाण्डेय, सहित संघ के राजेश चौरे, रवि दुबे, पुरुषोत्तम राजपूत, नरेंद्र रावत, बृजेश ठाकुर, हेमंत चौरे, चन्द्रशेखर ठाकुर, पवन शुक्ला, एमएल वर्मा, डॉ त्रिपाठी, अशोक कुमार सेवक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## धर्मेंद्र के नेतृत्व में भोपाल पहुंचकर भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत

**जागरण नर्मदापुरम।** भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष के नगरागमन का कार्यक्रम मीसाबंदी श्री साहू के निधन के कारण निरस्त हो गया था। प्रदेशाध्यक्ष के स्वागत की तैयारी में जुटी टीम ने भाजयुमो प्रदेश कार्य समिति सदस्य धर्मेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में भोपाल पहुंचकर भाजपा प्रदेश कार्यालय में युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का 51 किलो के पुष्पहार से स्वागत किया। इस दौरान प्रिंसराज राठौड़, जयजीत तोमर, नितेश यादव, बबलू राजपूत, श्रीकांत गुर्जर, अनिरुद्ध धूत, शशांक साहू, रंजीत तोमर, सतीश गोस्वामी, सोनू राजपूत, अनुज पटेल, रिपूदन नायर, मनजीत तोमर, पीयूष शुक्ला, प्रिंस शुक्ला, आयुष चौहान, छोटू यादव, अभिषेक सिंह, देव यादव, प्रदीप पटेल एवं बिट्टन कुमार, देवकीनंदन यादव, शुभम उपस्थित रहे।



## एसी पार्ट्स चुराने वाला गिरोह सक्रिय

**जागरण नर्मदापुरम।** नगर में इन दिनों एसी के पार्ट्स चुराने वाला गिरोह सक्रिय है। इतवारा बाजार इंदिरा चौक स्थित पांच दुकानों से ऐसी के आउट डोर यूनिट के साथ कापर का पाइप भी चोरी कर ले गए। व्यापारी की सूचना पर पुलिस टीम ने पहुंचकर जांच की तथा अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी के माध्यम से चोरों का पता लगा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर के समय जब व्यापारियों द्वारा दुकानें खोली तो उन्हें इस बात का पता चला। जिन दुकानों से एसी के आउटडोर यूनिट एवं पाइप चोरी किए गए हैं, उनमें केदारनाथ वस्त्र भंडार, कवर क्लाथ, अनुकूल गारमेंट, मोहित गारमेंट और कपिल ड्रेसेस की दुकानों के एसी आउट डोर चोरी हो गए। चोरों द्वारा टीन उखाड़कर एसी के पार्टस चोरी किए गए। पुलिस बाजार क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। नगर में इंद्रा चौक क्षेत्र के मार्केट में पूर्व में अनेक बार चोर एसी के कापर पाइप काटकर ले गए हैं। इस संदर्भ में व्यापारी संघ के उपाध्यक्ष राजू जमनानी ने एसपी से चर्चा की। एसपी सांई एस कृष्णा थोटा ने जल्द ही मामले को ट्रेस करवाने का आश्वासन दिया है।



### क्रिसमस पर्व | चर्च सहित विभिन्न क्रिश्चियन संस्थान में आज होंगे कार्यक्रम

# गिरिजाघरों में रात 12 बजे मना प्रभु यीशू का जन्मदिन

**जागरण नर्मदापुरम।** प्रेम और सद्भाव के प्रतीक प्रभु यीशु का जन्मोत्सव गुरुवार को पूरे नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जायगा। इससे पूर्व बुधवार को रात 12 बजते ही शहर के गिरिजाघरों में प्रभु यीशु के जन्म की खुशियां मनाई गई। इस दौरान ईसाई समाज के लोगों ने प्रार्थना की। चर्च में आकर्षक विद्युत साज सज्जा और रंगरोगन से सुसज्जित किया गया। आल क्रिश्चियन यूथ फेलोशिप के जिज्जी जोसफ ने बताया कि प्रभु ईसा मसीह के जन्मोत्सव क्रिसमस डे पर शहर की विभिन्न चर्च में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जायंगे।

क्रिसमस डे को लेकर ईसाई समाज में आस्था का माहौल है और क्रिसमस को लेकर नगर में दो दिन पूर्व से ही आयोजन शुरू हो गए है। गुरुवार को शहर के चर्चा में प्रार्थना सभा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। इस अवसर पर क्रिसमस पर्व को मनाने के लिए पेंटिकस्टल चर्च, ईसीआई चर्च, फ्रेंड्स चर्च, सेंट जॉज चर्च, प्रार्थना भवन, एबेनेजर चर्च में क्रिसमस को लेकर तैयारी की गई। शहर में जहां प्रभु यीशु के जन्म दिवस पर क्रिसमस के लिए तैयारिया चल रही है। वहीं सेंट जोसेफ़ हॉस्पिटल में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी प्रभु यीशु के जन्मदिन को मनाने के लिए भव्य तैयारियां की गई है।



**ईसाई समुदाय का किया स्वागत:** मसीह समाज के पवित्र त्यौहार क्रिसमस की पूर्व संध्या पर शहर मे निकाले गए चल समारोह का युवा कांग्रेस द्वारा स्वागत किया गया स्थानीय टेलीफोन एक्सचेंज चौराहे पर अभिनंदन कर समाज के प्रबुद्धजनों फादर सर , नैंसी मैडम, जीजी जोसफ , आइविन टाइटस और समाज की महिला शक्ति युवा साथी और बच्चो को बधाई प्रेषित की इस अवसर पर जिला कार्यकारी अध्यक्ष फैजान उल हक , युका शहर अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा, आयुष्मान अवस्थी , सुल्तान मामू, सिराज खान, ललित मौर्य , मोईन साबरी , राहुल शर्मा , शिवम साहू , गुफरान खान आदि उपस्तिथ रहे



## न्यूज कार्नर

### आईआईटी मुंबई में नई तकनीक सीखी



**जागरण, टिमरनी।** नालेज पब्लिक स्कूल टिमरनी के छात्रों का आईआईटी बॉम्बे का सफर विद्यालय के लिए बडे हर्ष का विषय है। दिनांक 21 दिसंबर विद्यालय के कक्षा 7वी, 8वी एवं 10 वी के 11 छात्रों को 5 दिवस के लिए आईआईटी बॉम्बे का जाने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ। आईआईटी बॉम्बे प्रतिवर्ष रोबोटिक्स की बहुत सी स्पर्धाएं आयोजित करता है। जिसमे हरदा जिले से विद्यालय के छात्रों ने 4 रोबोट बनाकर देश विदेश के अन्य बड़े कॉलेजो के छात्रों के साथ इस स्पर्धा में भाग लिया। छात्रों ने स्वचालित रोबोटिक उपकरण बनाकर अपने हुनर का प्रदर्शन किया और अपनी प्रतिभा से सबको आश्चर्यचकित किया।

### वार्ड 4 में रैंप निर्माण का भूमि पूजन किया

**जागरण, टिमरनी।** नगर परिषद टिमरनी के वार्ड नंबर 04 में रैन बसेरा भवन के पास मंडी रोड से सनराइज स्कूल तरफ जाने वाले मार्ग पर 2.78 लाख की लागत से बनने वाले रैंप और नाली निर्माण का कार्य प्रारंभ हुआ। निर्माण कार्य के प्रारंभ अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष देवेंद्र भारद्वाज एवं पार्षद प्रीति हिमांशु बंसल के द्वारा भूमि पूजन किया गया। प्रस्तावित रैंप और नाली की मांग पिछले कई वर्षों से वार्डवासियों द्वारा की जा रही थी। रैंप के निर्माण होने से सनराइज स्कूल के आसपास और पीछे की गलियों में रहने वाले रहवासियों को अपने वाहन ले जाने में सुविधा रहेगी। भूमि पूजन के अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष देवेंद्र भारद्वाज, पार्षद प्रीति बंसल, एडवोकेट हिमांशु बंसल, युवा मोर्चा अध्यक्ष सागर तिवारी, योगेश दुबे शिक्षक, ठेकेदार रूपकुमार काले सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

### नगर परिषद में मनाया गया सुशासन दिवस

**सिलवानी।** बुधवार को नगर परिषद द्वारा सुशासन दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष रेशु विभोर नायक ने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को सुशासन की शपथ दिलाई।

# पहल: प्राकृतिक-जैविक उत्पाद लोगों तक पहुंचाने के लिए 11 किसानों ने लगाये स्टॉल

## हरदा में जैविक-प्राकृतिक उत्पाद हाट बाजार का शुभारम्भ



**जागरण, हरदा।** जिला मुख्यालय पर नेहरू स्टेडियम के गेट क्रमांक दो के समीप जैविक प्राकृतिक हाट बाजार प्रारम्भ किया गया है। यह हाट बाजार प्रति बुधवार को प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक खुलेगा। यहाँ जैविक फल, सब्जी, अनाज, मसाले, जडी बूटी, शुद्ध घी, खाद्य तेल इत्यादि बाजिव कीमत पर उपलब्ध है। क्रय की गई सामग्री का क्यूआर कोड पर भी भुगतान किया जा सकता है।

### जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया शुभारम्भ

टिमरनी के बाद हरदा में प्रारम्भ हुए साप्ताहिक जैविक-प्राकृतिक हाट बाजार का बुधवार को जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गेहलोत, पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, कृषि स्थाई समिति सभापति ललित पटेल द्वारा शुभारम्भ किया गया। जैविक हाट बाजार में प्राकृतिक-जैविक उत्पाद के विक्रय हेतु 11 किसानों द्वारा स्टाल लगाये गये थे।

### कलेक्टर ने जैविक घी, छाछ एवं काले चने खरीदे

कलेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन ने इस हाट बाजार का अवलोकन कर यहाँ से जैविक घी, छाछ एवं काले चने खरीदे। उन्होने क्रय किये गये उत्पादों का ऑनलाइन भुगतान भी किया।

इस दौरान उप संचालक कृषि जेएल कास्दे, उप संचालक पशु पालन विभाग अजय रामटेके, उप परियोजना संचालक आत्मा अखिलेश पटेल सहित अधिकारी कर्मचारी एवं बडी संख्या में कृषक मौजूद थे।

# मगरधा में हम हैं धरती के दूत थीम पर आधारित अनुभूति कैंप का आयोजन

## पक्षी दर्शन, नेचर ट्रेल, वन्यजीव एवं पेड़ पौधों की जानकारी दी



**जागरण, रहटगांव।** वन परिक्षेत्र मगरधा अंतर्गत भोमका बाबा, बड़झिरी में मध्य प्रदेश इको पर्यटन विकास बोर्ड के सौजन्य से वन विभाग द्वारा ईको अनुभूति कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरधा के 123 विद्यार्थियों एवं 6 शिक्षकों ने हिस्सा लिया। इस वर्ष अनुभूति कैंप हम हैं धरती के दूत थीम पर आधारित रहा। अनुभूति कैंप में विद्यार्थियों को पक्षी दर्शन, नेचर ट्रेल पर प्रकृति व्याख्या, वन्यजीवों एवं पेड़ पौधों आदि की जानकारी प्रदान की गई। कैंप में मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत मुरलीखेडा नंदलाल धुर्वे, प्राथमिक लघु वन उपज सहकारी समिति मगरधा अध्यक्ष नेहरू लाल, वन सुरक्षा समिति मुरली खेड़ा अध्यक्ष राधेश्याम कास्डे एवं उप वन मंडल अधिकारी दक्षिण हरदा राकेश लहरी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों के लिए पर्यावरण, वन्य जीव एवं वन संरक्षण विषय पर चित्रकारी एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रत्येक प्रतियोगिता हेतु प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन वन परिक्षेत्र अधिकारी मगरधा मुकेश रघुवंशी ने किया। विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों की जानकारी अनुभूति मास्टर ट्रेनर हरिओम सोलंकी ने दी। अंत में शिविर में सम्मिलित समस्त छात्रों से फीडबैक फॉर्म भरवाये गए एवं सभी को वनो एवं वन्य प्राणियों के संरक्षण की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में परिक्षेत्र सहायक बडझिरी विनोद कुमार इरपाचे, परिक्षेत्र सहायक रातामाटी पूनम चंद्र दमाडे, परिक्षेत्र सहायक बापचा तालिब मेमन, परिक्षेत्र सहायक लाखादेह मंतर सिंह जामोद एवं समस्त वन स्टाफ वन परिक्षेत्र मगरधा उपस्थित रहा।

### गरीब वर्ग के हकों पर डाका डाल रही है भाजपा नित केन्द्र सरकार: मोहन सांई

# कुदाली, फावड़े, तगारी लेकर कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन, धरना दिया



**जागरण, हरदा।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आज जिला कांग्रेस कमेटी हरदा द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर ग्रामीण क्षेत्र के मजदूरों के साथ स्थानीय घंटाघर चौक से नारायण टॉकीज चौक तक पैदल मार्च कर धरना दिया गया। पैदल मार्च के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों के अलावा अन्य लोग अपने हाथों में कुदाली, फावड़े, तगारी आदि लेकर चल रहे थे। धरने के पश्चात तहसीलदार राजेन्द्र पंवार को महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सांई ने संबोधित करते हुए कहा की केंद्र की वर्तमान भाजपा सरकार ने वर्ष 2005 में कांग्रेस नीत सरकार द्वारा लागू किये गये महात्मा गांधी रोजगार गारंटी कानून को पूरी तरह से बदल दिया है। साथ ही इस कानून का नाम भी बदल दिया गया है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस नीत सरकार द्वारा लाये गये कानून की मंशा थी कि ग्रामीण श्रमिकों को उनके गांव में ही कम से कम 100 दिन का रोजगार मिले, ताकि पलायन रूके और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो। उक्त कानून के प्रावधानों में समय-समय पर सुधार भी किये गये। मनरेगा कानून लागू होने से देश में ग्रामीण श्रमिकों की स्थिति में सुधार आया, पलायन में कमी आई, साथ ही आर्थिक हालात बेहतर हुए। स्वास्थ्य में सुधार हुआ, बच्चों को शिक्षा के लिए उचित अवसर मिल सका, लेकिन वर्तमान केंद्र की भाजपा सरकार ने इसमें और सुधार करने की बजाय इसे पूरी तरह से बदल दिया, साथ ही महात्मा गांधी का नाम भी हटा दिया। उक्त कानून को बदलने से पूर्व केन्द्र सरकार ने श्रमिकों, ग्रामीण जनप्रतिनिधियों से किसी भी तरह से राय लेना उचित नहीं समझा और न ही संसद में विपक्ष की कोई बात मानी गई, क्योंकि भाजपा सरकार 2014 से ही पूंजीपतियों का संरक्षण कर रही है एवं गरीब वर्ग के हकों पर डाका डाल रही है।

नए कानून में 125 दिन रोजगार दिये जाने के सपने दिखाए जा रहे हैं, जबकि वास्तविक स्थिति यह है कि वर्तमान में 50 दिन का रोजगार भी नहीं दिया जा रहा है। कहीं श्रमिकों को कुछ दिन का रोजगार मिलता भी है तो उनके काम का सही मूल्यांकन नहीं किया जाता एवं मजदूरी लेने के लिए उन्हें कई-कई दिनों तक भटकना पडता है। नए कानून में राज्यों को 40 प्रतिशत राशि देने का प्रावधान किया गया है, जो राज्यों की हालत देखते हुए पूरी तरह से असंभव है। वर्तमान कानून श्रमिक विरोधी एवं पूंजीपतियों के हित में लाया गया है।

# बांग्लादेश में हिंदू युवक को जिंदा जलाने पर फूटा आक्रोश



**जागरण, हरदा।** बांग्लादेश में हिंदू युवक दीपूदास की नृशंस हत्या के आरोपों से देशभर में आक्रोश है। इसी कड़ी में बुधवार को हरदा जिला मुख्यालय पर बजरंग दल और अन्य हिंदू संगठनों ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने स्थानीय सत्यनारायण मंदिर चौक पर बांग्लादेश का पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध दर्ज कराया। हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ नारे लगा रहे थे। पुतले पर बांग्लादेश के खिलाफ तीखे नारे लिखे गए थे। बजरंग दल के पदाधिकारी दीपक सोनी ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। हिंदू युवक दीपूदास को जिंदा जलाकर मार देना, इस बात का प्रमाण है कि वहां कट्टरपंथी किस हद तक अत्याचार कर रहे हैं। यह मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है। वहीं मयूर मराठा ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे जुल्म को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। वहां हिंदू समाज डर और दहशत के माहौल में जीने को मजबूर है। उन्होंने भारत सरकार और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए कहा कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे हमले मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन हैं। हिंदू संगठनों ने केंद्र सरकार से इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मजबूती से उठाने की मांग की।

# पंधाना में वक्फ कमेटी का गठन: शेख साजिद अध्यक्ष और निसार उपाध्यक्ष



**जागरण खंडवा।** मध्य प्रदेश वफ बोडज़ ने वर्फ बोर्ड जिला अध्यक्ष अकरम खान की अनुशंसा पर पंधाना क्षेत्र के वर्फ प्रबंधन हेतु वर्फ कमेटी का गठन किया है। वफ बोर्ड बैठक में यह निणज़्य सवज़्सम्मति से लिया गया। कमेटी का गठन वर्फ अधिनियम 1995 की धारा के तहत किया गया है।

11 सदस्यीय कमेटी में शेख साजिद एडवोकेट को अध्यक्ष और सैय्यद निसार अली को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सैय्यद जिशान अली को कोषाध्यक्ष बनाया गया है और आजाद खान को सचिव की जिम्मेदारी दी गई है।

सदस्यों में जहीर खान, रशीद अली, रियाज खान, सोनू शाह, जुबेर तंवर, शेख रईय्यान एवं अन्य लोग शामिल हैं इनकी नियुक्ति पर समाजजनों ने हषज़ व्यक्त किया है।

यह वक्फ संपति का प्रबंधन करेगी। कमेटी आय-व्यय का लेखा-जोखा रखने के साथ संपति की सुरक्षा और रखरखाव की जिम्मेदारी भी निभाएगी। सभी सदस्यों को वफ बोर्ड को नियमित रिपोर्ट देनी होगी। साथ ही अधिनियम के सभी प्रावधानों का पालन करना होगा।

### सद्भावना मंच ने किसान दिवस मनाया

जागरण, खंडवा। सद्भावना मंच ने पूवज़ प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस पर किसान दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया। सद्भावना मंच के सदस्य कमल नागपाल ने बताया कि माली कुआं स्थित मंच कायाज़्लय में आयोजित कार्यक्र म में किसानों के अविस्मरणीय योगदान को याद करते हुए संस्थापक प्रमोद जैन ने कहा कि किसान देश की अर्थयवस्था की रीढ़ हैं और उनकी मेहनत से ही देश का हर नागरिक अन्न प्राप्त करता है। कार्यक्र म के अंत में यह संदेश दिया गया कि किसान का सम्मान ही देश का सम्मान है और किसानों के सशक्तिकरण से ही भारत का समग्र विकास संभव है। सद्भावना मंच के संस्थापक प्रमोद जैन, पूर्व डीएसपी आनंद तोमर,गणेश भावसार,डॉ जगदीश चंद्र चौरे,डॉ एम एम कुरैशी,देवेंद्र जैन,सुरेन्द्र गीते,ओम पिल्ले, राधेश्याम शाक्य, अर्जुन बुंदेला, ललित चौरे, नागपाल, योगेश गुजराती, विजया द्विवेदी योगेश गदले, आदि उपस्थित रहे।

# युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव जिला प्रभारी उबैद उल्ला पहुंचे खंडवा, स्वागत



**जागरण खंडवा।** मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव उबैद उल्ला का प्रभार क्षेत्र जिला खण्डवा में प्रथम दौरा कायज़्क्रम के तहत बुधवार को दोपहर 12.30 खंडवा पहुचकर गांधी भवन में बैठक लेकर कार्यकर्तओं को संबोधित किया।

जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्वप्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि जिला प्रभारी उबैद उल्ला ज़िला युवा कांग्रेस कायज़्कारिणी जिला स्तरीय बैठक एवं नव निवाज़्चित जिला अध्यक्ष विधानसभा अध्यक्षगण व समस्त निर्वाचित पदाधिकारीयों से वन टू वन चर्चा कर मार्गदर्शन दिया एवं संगठन को मजबूत करने को लेकर मार्गदर्शन दिया।

उबैद उल्ला ने खण्डवा में चलो पंचायत वार्ड कार्यक्रम के अंतर्गत जिला युवा कांग्रेस खण्डवा के समस्त कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य संगठन को एक-एक वार्ड एवं पंचायत स्तर तक मजबूत करते हुए आमजन से सीधा संवाद स्थापित करना है और युवा कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाना है।

बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष (ग्रामीण) उत्तमपाल सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष (शहर) प्रतिभा रघुवंशी, युवा कांग्रेस खण्डवा जिला अध्यक्ष अनिल जाधव ने भी उपस्थित युवा कांग्रेस कायज़्कताओज़् को संबोधित कर संगठन विस्तार को लेकर टिप्स दिए।

इस अवसर पर प्रियेश चौकडे, इतियाज खान, शहजाद पवार, सागर पवार, आदित्यराज गोड, निखलेश पालवी, मोहनम्मद शोहब, मोन्टी पवार,जय पटेल,पलाश जैन पंधाना, राजू गुजज़्र, ॠषिराज डोडियार, विजय तोमर, हेमंत राठौड सहित अन्य युवा कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

# सीएम यादव के नवविवाहित बेटा-बहू कर रहे नर्मदा पक्रिमा, ओंकारेश्वर पहुंचे



जागरण खंडवा। मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव के नवविवाहित पुत्र अभिमन्यु अपनी धर्म पत्नी इशिता ओंकारेश्वर पहुंचे हैं। इस मौके पर पति और पत्नी धार्मिक आस्था में रंगे नजर आए हैं।

तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर के ब्रह्मपुरी घाट पर प्रदेश के सीएम डॉ मोहन यादव के नवविवाहित पुत्र डॉ अभिमन्यु एवं उनकी पत्नी डॉ. इशिता ने मां नर्मदा की पावन परिक्रमा का संकल्प लिया। परिक्रमा आरंभ करने से पूर्व दोनों ने संत विवेक गुरुजी से आर्शीवाद प्राप्त किया।

दोनों ने दर्शन करके विधिवत पूजा-अर्चना की-इसके बाद दोनों ने परिवारजनों के साथ भगवान के दर्शन करके विधिवत पूजा-अर्चना की। उल्लेखनीय है कि हाल ही में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में मुख्यमंत्री यादव के पुत्र अभिमन्यु यादव का विवाह संपन्न हुआ था। विवाह उपरांत धार्मिक परंपराओं के निर्वहन के क्रम में अभिमन्यु यादव एवं डॉ. इशिता यादव ने मां नर्मदा की परिक्रमा प्रारंभ करने का संकल्प लिया। बोले- यात्रा में नमज़्दा जी को समझने का मौका मिलेगा-इस संकल्प के लिए नवदंपति यहां पहुंचे है । इस अवसर पर पारिवारिक शुभचिंतकों ने नवदंपति को शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर डाक्टर अभिमन्यु एवं उनकी पत्नी डॉ. इशिता ने बताया कि धर्म में आस्था रखते हुए उन्होंने यात्रा का संकल्प लिया है। मां नर्मदा के आर्शीवाद से इसे पूरा करने के लिए आगे बढ़ रहे है। इस यात्रा के दौरान मां नर्मदा जी को समझने का हमें मौका मिलेगा।

## ओंकारेश्वर पहुंचीं सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत कहा- भोलेनाथ के दर्शन से मिली आध्यात्मिक शांति



**जागरण ओंकारेश्वर।** तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में आज मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद एवं प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत ने भगवान ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दशज़्न किए। मीडिया से चर्चा करते हुए कंगना रनौत ने कहा कि ओंकारेश्वर आने की उनकी इच्छा लंबे समय से थी, लेकिन आज स्वयं भोलेनाथ का बुलावा आया और दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह माता-पिता के आशीर्वाद का ही फल है कि उन्हें तीर्थं नगरी ओंकारेश्वर आने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि ओंकारेश्वर आकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता और आध्यात्मिक शांति की अनुभूति हुई। यहां मां नमज़्दा नदी के तट का प्राकृतिक परिदृश्य अत्यंत मनोहारी है, जो आत्मिक शांति प्रदान करता है। भगवान शिव से प्राथज़्ना कर उन्होंने स्वयं को धन्य महसूस किया। इस अवसर पर कंगना रनौत ने ओंकारेश्वर मंदिर में विधिवत पूजन-अचज़्न किया तथा महाकाल मंदिर में अभिषेक व आरती में भी भाग लिया। उनके साथ मंदिर ट्रस्टी राव पुष्पेंद्र सिंह, स्थानीय भाजपा कार्यकता गजेंद्र अग्रवाल, देवेश पुरोहित, तहसीलदार उदय मंडलोई, मंदिर प्रोटोकॉल अधिकारी मुकेश काशिव, थाना प्रभारी अनोख सिंदया सहित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। दर्शंन के दौरान मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालु कंगना रनौत के साथ सेल्फी लेने के लिए उत्साहित नजर आए।

# कोतवाली से सौ मीटर दूर चालीस हजार की लूट में एफआईआर नहीं लिख रही है पुलिस

## शहर में कानून व्यवस्था की हालत खराब, किसी भी दिन सड़क पर दिख सकता है विरोध

**बैतूल जागरण।** शहर में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। लूट, चाकूबाजी और चोरी की वारदातें हो रही है और पुलिस अपना रिकार्ड दुरुस्त रखने के लिए एफआईआर तक नहीं लिख रही है। इस स्थिति में लोगों में आक्रोश इतना बढ़ रहा है कि किसी भी दिन बड़ा विरोध प्रदर्शन सड़क पर नजर आ सकता है।

शहर कोतवाली से महज 100 मीटर दूर जो लूट की वारदात सामने आई थी उसको लेकर लूट के शिकार बने युवा व्यवसायी चेतन ने पूरी घटना की जानकारी देते बताया कि वे कोठीबाजार की एचडीएफसी बैंक में अपना पैसा जमा कराने गए थे। बैंक बंद हो जाने के कारण पैसा जमा नहीं हो सका जो उनके बैग में रखा था। घटना की रात 9.30 बजे जब वे मोक्षधाम होते हुए कालेज रोड से अपने घर वापस जा रहे थे इसी दौरान एक काली स्प्लेंडर बाइक से तीन युवकों ने कमानी गेट से उनका पीछा किया और ठीक उनके बगल में आकर चाकू चलाया जिससे उनके कंधे पर टंगे बैग का हैंडल कट गया और बैग नीचे गिर गया। घबराकर वे बैग छोड़कर भाग गए। यह बैग बदमाश उठाकर ले गए। चूंकि उनके जेब में मोबाइल सहित अन्य कीमती सामान भी था। चूंकि बदमाशों के पास चाकू था, इसलिए वे डर के मारे वहां पर रूके नहीं। उस बैग में चालीस हजार रुपए थे। अगले दिन शनिवार को वे एफआईआर करवाने के लिए थाने पहुंचे तो उनसे आवेदन ले लिया गया और एफआईआर नहीं लिखी गई।

### लूट और चाकूबाजी के प्रयास में एफआईआर के पहले शिनाख्ती का दबाव बना रही पुलिस!

#### कोतवाली पुलिस के तौर तरीकों को लेकर व्यापारी सीएम से मिल सकते हैं

**बैतूल जागरण।** बैतूल शहर में जो कानून व्यवस्था कि जो स्थिति है वह किसी से छिपी नहीं है और उसमें जो पुलिस के तौर तरीके हैं वह भी जगजाहिर होते जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि इससे जनप्रतिनिधि भी खासे नाराज है और सीएम के बैतूल के दौर के बाद शहर के थानों में बड़ा उलटफेर हो सकता है। इधर शुक्रवार की रात एक युवा व्यापारी पर कोठीबाजार मोक्षधाम के पास चाकू से हमला कर उसका बैग छुड़ाने के प्रयास के मामले में कोतवाली पुलिस ने एफआईआर ही नहीं लिखी। व्यापारी शनिवार को जब शिकायत दर्ज कराने जब कोतवाली पहुंचा तो उससे कहा गया कि पहले बदमाशों की शिनाख्त करने की होगी तब एफआईआर लिखी जाएगी। यह जानकारी जब से व्यापारियों के बीच पहुंची तब से उनमें खासी नाराजगी है। व्यापारियों ने बताया कि पुलिस का यह तरीका बर्दाश्त के काबिल नहीं है और




इसलिए अपराधियों के हौसले बुलंद है। व्यापारियों का कहना है कि यहां पर घटना की एफआईआर कराने के लिए व्यापारी पहुंचता है तो एफआईआर नहीं लिखते हैं। वहीं तरंग मैरिज लान में स्कूल के फेयरवेल कार्यक्रम में चाकू लहराने के मामले में कोई शिकायतकर्ता न होने के आधार पर पुलिस एफआईआर नहीं लिखती है। उन व्यापारियों का कहना है कि आखिर कोतवाली पुलिस किस फार्मूले पर काम कर रही है जो बदमाशों के खिलाफ एफआईआर नहीं लिख रही है। व्यापारियों का कहना है कि संभवतः व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मंडल सीएम से मुलाकात कर बैतूल की कानून की व्यवस्था को लेकर जानकारी देगा। इन व्यापारियों ने बैतूल विधायक से निवेदन किया है कि उन्हें सीएम से मुलाकात का मौका दिलवाए। गौरतलब रहे कि शुक्रवार रात दस बजे सिंधी समाज से जुड़ा एक व्यापारी अपनी दुकान से घर जा रहा था, तभी किसी ने मोक्षधाम के पास वाले चौक पर चाकू से कुछ हमला किया जिससे उसके ग्लोब्ज कट गए थे। इस दौरान व्यापारी का बैग भी छुड़ाने का प्रयास किया गया, लेकिन वह बाइक से भाग निकला। इधर सिंधी समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि गंज में भी सिंधी समाज के ही युवा व्यापारी पर बदमाशों ने जानलेवा हमला किया था। तब भी पुलिस चार दिन बाद विधायक के हस्तक्षेप के बाद कमजोर धाराओं में मामला दर्ज किया था। जब समाज का प्रतिनिधि मंडल एसपी से मिला तब धाराएं बढ़ाकर आरोपी पकड़े।

### कानून क्या कहता है....

कानून के जानकार अधिवक्ता अजय दुबे का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार पुलिस एफआईआर लिखने से मना नहीं कर सकती है और कोई बाहना बनाकर टाल भी नहीं सकती है। उनका कहना है कि एफआईआर न लिखना भी एक तरह का अपराध है। चूंकि वर्तमान में वर्ष का आखरी दौर चल रहा है इसलिए पुलिस पुराने वर्ष की पेंडेंसी से बचने के लिए भी एफआईआर नहीं लिख रही होगी। ऐसे में पीड़ित को तत्काल आईजी और डीजीपी को थाने में दिए गए आवेदन के साथ शिकायत करना चाहिए।

### बैतूल बंद कराएंगे

वह तो घटना से बहुत डरा हुआ था। मैंने हौसला दिया तब वह थाने गया। अब गुरुवार को एसपी से मुलाकात करेंगे फिर भी एफआईआर नहीं होती तो बैतूल बंद कराएंगे।

**बंटी मोटवानी, व्यापारी संघ अध्यक्ष**

## न्यूज कार्नर

### जौलखेड़ा में किया जाए मेमो ट्रेन का स्टापेज़

**मुलताई जागरण।**

आमला से नागपुर चलने वाली मेमो ट्रेन का स्टापेज़ जौलखेड़ा में दिए जाने कई मांग को लेकर ग्राम पंचायत जौलखेड़ा ने प्रस्ताव पारित कर रेल्वे के जीएम को ज्ञापन सौपा है। ग्राम जौलखेड़ा के कैलाश देशमुख सहित ग्रामीणों द्वारा सौपे आवेदन में बताया ग्राम पंचायत जौलखेड़ा पंद्रह से बीस ग्रामों के बीचों-बीच स्थित ग्राम है, जो मुलताई एवं जिला मुख्यालय तक आने जाने वाले मुख्य सडक मार्ग पर स्थित है, जिससे ग्राम के आस-पास के बीस ग्रामों की जनता का बस से ही आवागमन करना पड़ता है। वर्तमान में जहां मेमो रेल का स्टापेज है वह मुख्य मार्ग से तथा ग्राम जौलखेड़ा से 4 किमी की दूरी पर स्थित है. जिससे जौलखेड़ा स्टेशन इन 20 ग्रामों की जनता दूरी अधिक होने एवं मुख्य मार्ग से दूर होने के कारण कोई भी नही जाता है। बारिश के दिनों में और अधिक मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। उक्त गाडी के स्टापेज के लिए 15 वर्ष पूर्व से प्रयासरत है, तथा जगह-जगह मंत्रीगण,सांसद इत्यादि को कई बार पत्र भी लिख चुके है। पूर्व में सुकाखेड़ी ग्राम के नाम से स्टापेज किये जाने की मांग की जा चुकी है।

### देवडोंगरी और जोगीखेडा के शिविरों में हुआ समस्याओं का निराकरण

**बैतूल।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा मनाए जा रहे सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान के विशेष शिविरों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में ग्राम पंचायत पंचदार के ग्राम देवडोंगरी तथा ग्राम पंचायत दाबका के ग्राम जोगीखेडा में आयोजित शिविरों में जिला पंचायत सदस्य उर्मिला गव्हाड़े शामिल हुई।उन्होंने शिविर में उपस्थित ग्रामिणों की समस्याएं विस्तार से सुनीं और प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण के लिए उपस्थित अधिकारीयों से अनुरोध किया। जिला पंचायत सदस्य उर्मिला गव्हाड़े ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रशासन के अधिकारियों को सीधे गांवों में भेजकर ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस बार गांव गांव में शिविर लगाए जाने से ग्रामीणों को बड़ी सुविधा मिल रही है।

# जीएम ने किया रेलवे स्टेशन का निरीक्षण, जन आंदोलन मंच एवं अधिवक्ता संघ ने कहा-हो ट्रेनों का स्टापेज

**मुलताई / जागरण ।**



मध्यरेल मुंबई के महा प्रबंधक विवेक गुप्ता ने बुधवार की दोपहर मुलताई रेल्वे स्टेशन का निरीक्षण किया।इस दौरान डीआरएम विनायक गर्ग भी उनके साथ थे। जीएम गुप्ता द्वारा इस दौरान रेल्वे स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया एवं अधीनस्थ अधिकारियो को दिशा निर्देश दिए। उन्होने लिफ्ट के सामने भवन का पिल्लर आ जाने पर नाराजगी जताई एवं स्टेशन परिसर में स्थित माइक्रोवेव टावर की आवश्यकता नहीं होना बताते हुए टावर की हटाने के निर्देश दिए, व्ही मेन गेट के सामने रेम्प बनाने एवं दिव्यांग जनो के लिए डिजिटल बोर्ड में ब्रेन लिपि का प्रयोग करने के निर्देश दिए। जन आंदोलन मंच एवं अधिवक्ता संघ ने की ट्रेनों के स्टापेज़ की मांग मुलताई रेल्वे स्टेशन के निरीक्षण के लिए मुलताई पहुंचे जीएम विवेक गुप्ता को जन आंदोलन मंच एवं अधिवक्ता संघ मुलताई ने ज्ञापन सौपकर मुलताई स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टापेज़ दिए जाने की मांग रखी। जन आंदोलन मंच के अनिल सोनी, मनोज नानचु अग्रवाल,मिलिंद खातरकर सहित सदस्यों द्वारा सौपे ज्ञापन में अमरावती नागपुर जबलपुर एवं वन्दे भारत इंदौर नागपुर ट्रेन का स्टापेज़ दिए जाने की मांग की। वहीं रेल्वे स्टेशन परिसर में सीमेंट रोड एवं माल धक्के का घटिया निर्माण की जाँच कर कार्रवाई की मांग की। जबकि अधिवक्ता संघ अध्यक्ष सीएस चंदेल,अधिवक्ता गुणवंत निम्बूलकर, परसराम कोड़ले सहित अधिवक्ताओ द्वारा सौपे ज्ञापन में उच्च न्यायालय आने जाने के लिए मुलताई नागपुर जबलपुर एवं जीटी एक्सप्रेस का स्टापेज़ दिए जाने की मांग की है।वहीं रामनगर वासियो ने आने जाने के लिए पुलिया क्रमांक 896/1पर अंडरब्रिज बनाने की मांग की।

## राज्यसभा सांसद तन्खा आज मुलताई आएंगे

**मुलताई / जागरण ।**

प्रसिद्ध अधिवक्ता और कांग्रेस के राज्य सभा सांसद विवेक तन्खा गुरुवार मुलताई आएगे। पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे के निज सचिव अजय सिंह ठाकुर ने बताया गुरुवार सुबह 11 बजे राज्यसभा सांसद तन्खा का पवित्र नगरी में आगमन हो रहा है। श्री तन्खा ताप्ती मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना करेंगे उसके उपरांत पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष सुखदेव पाँसे के कार्यालय मुलताई में कार्यकर्ताओं से मुलाक़ात करेंगे । जिसके बाद श्री तन्खा गुरुवार को नगर के वसंत इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल मुलताई में आयोजित वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि बतौर उपस्थित रहेंगे। ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अरूण यादव, राजू पंवार, मिश्रीलाल धाकड़ एवं भूतासिंह मर्सकोले ने समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में सुबह 11 बजे पांसे के कार्यालय मुलताई पहुंचने की अपील की है।

## किसान नेता ने ज्ञापन देकर सीएम से मांगा गुड़ का बीज

**मुलताई / जागरण ।**

किसान संघर्ष समिति के प्रदेश महासचिव अनिल सोनी ने बुधवार को मुख्य मंत्री को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम राजीव कहार की ज्ञापन सौंपकर किसानो को गुड़ का बीज उपलब्ध कराने की मांग की है।अनिल सोनी द्वारा सौपे ज्ञापन में बताया बीते कल 23 दिसम्बर 2025 को बैतूल में मेडिकल कॉलेज के भूमि पूजन के दौरान उदघोषणा में आपके द्वारा गुड़ की फसल लगाने के लिये किसानो प्रेरित किया था, जिससे प्रदेश के किसानो में खुशी की लहर पैदा हुई है प्रदेश के किसान खेत में अब सीधे गुड़ की खेती करना चाह रहे है।ज्ञापन में सीएम से आग्रह किया है की किसान आर्थिक स्थिति बढाने के लिये खेतो में सीधे गुड की खेती करना चाह रहे है

## दसवां करने मुलताई आ रहे लोगों से भरी पिकप पलटी, 25 घायल

**मुलताई / जागरण ।**

मुलताई बोरदेही मार्ग पर ग्राम टूरा बोरगांव गांव के पास घाट में बुधवार कई सुबह एक पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें सवार करीब 25 लोग घायल हो गए। जो कई छिंदवाड़ा जिले के ग्राम सेमरिया से मुलताई में ताप्ती सरोवर पर दसवा करने मुलताई आ रहे थे।दुर्घटना में घायल सभी लोगो को तीन एंबुलेंस से नगर के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। जिन्हे हल्की चोट तथा अंदरूनी चोट आना बताया जाता है। दुर्घटना में घायल लोगो में उनमें बाली 40 वर्ष, रामदास 50 वर्ष,दुर्गा खुशीलाल 12 वर्ष,भूषण जोशी 60 वर्ष,बबलू छोटू 30 वर्ष,शिव 65 वर्ष,राम हरि 50 वर्ष,हरिया 10 वर्ष,योगेश केदारनाथ, राम किशोर 10 वर्ष,रीना केसराज 25 वर्ष, मल्लू छोटे 65 वर्ष, छोटे 10 वर्ष, रामकली 50 वर्ष, कोरी 50 वर्ष,रामदास जोगी, दुर्गा खुशी लाल 12 वर्ष,रीना केशव राम 24 वर्ष, छोटी गोपी 18 वर्ष निवासी चोपना,केदार 15 वर्ष,संध्या हरिश्चंद्र 18 वर्ष निवासी उमन डोल, सोम 60 वर्ष,रितेश 15 वर्ष, रामकली 50 वर्ष,बाली 50 वर्ष, भोलाराम सहित अन्य शामिल है।

### जाहिर सूचना

यह कि मेरे पक्षकार Balaji Traders Industrial Area Kosmi Tah & Dist. Betul Propertietor घनश्याम पिता गुंवन्तराव घोड़की के द्वारा बैंक ऑफ महाराष्ट्र बडोरा से लोन (ऋण) लिया जा रहा है तथा Balaji Traders Industrial Area Kosmi Tah & Dist. Betul Propertietor घनश्याम पिता गुवन्तराव घोड़की द्वारा अधिकृत एवं दी जानकारी एवं निर्देशानुसार उक्त जाहिर सूचना प्रकाशित है। के द्वारा मौजा-कोसमी, जिला-बैतूल (म.प्र.) कोसमी Plot No.- 31 Area-1530 sq.ft (Tin Shed). Balaji Traders Industrial Area Kosmi Tah & Dist Betul Propertietor घनश्याम पिता गुवन्तराव घोड़की यह की मेरे पक्षकार के हक स्वामित के प्लाट का प्रीवियस बैनामा दस्तावेज जो की विक्रेता HMF Product Prop. रशीदा पत्नि इकबाल हुसैन, जाति-बोहरा, निवासी 7/86 टिकारी रोड, बोहर मस्जिद के पास किदवई वार्ड बैतूल, तह. जिला-बैतूल से खरीदी क्रेता M/s Rajbhog Floor Mils Prop- मनोज राठौर पिता प्रेमशंकर, जाति- तेली, निवासी प्रतापवार्ड टिकारी बैतूल तह. जिला बैतूल, द्वारा दिनांक 25/09/2017 को क्रय किया गया था (E-Registration no.- MP 039742017 A1545948, Dated - 25/09/2017)। ततपश्चात उक्त भूमि मेरे पक्षकार के स्वामित्व में दर्ज होकर उसका हक स्वामित्व कब्जा है उक्त 25/09/2017 का मूल दस्तावेज गुम हो गया है उक्त आशय का इस्तेहार जारी हो।

यदि किसी व्यक्ति बैंक वित्तीय संस्थान के बैंक को मूल बैनामा दिनांक 25/09/2017 पर किसी प्रकार की कोई आपत्ति है तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिनों के भीतर मय दस्तावेज आकर मेरे कार्यालय में संपर्क कर आपत्ति दर्ज करवाए, समयावधि के बाद कोई दावा या आपति नहीं मान्य होगी।

दिनांक : 24/12/2025
स्थान : बैतूल

चन्दशेखर आजाद तिवारी
अधिवक्ता, चेम्बर नं.- 11
भारत पेट्रोल पम्प के पीछे रानीपुर रोड, गौठाना बैतूल (म.प्र.)

# कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी सिंह की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक सम्पन्न

**जागरण नरसिंहपुर।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर 2026 के अंतर्गत निर्वाचक नामावलियों का प्रारूप प्रकाशन संबंधी जानकारी के लिए मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को सम्पन्न हुई। सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को प्रारूप निर्वाचक नामावली की एक हार्ड कॉपी तथा एक प्रति सीडी में फोटो रहित उपलब्ध करायी गयी। साथ ही मतदान केन्द्रों की सूची भी प्रदाय की गई है। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती देवंती परते बीजीपी के विनोद श्रीवास्तव कांग्रेस के मनीष साहू बीएसपी के गिरबर सिंह टेंटवाल आम आदमी पार्टी के शब्बीर मंसूरी शैलेन्द्र सिंह जाट सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में जनप्रतिनिधियों को निर्वाचक नामावलियों के प्रारूप प्रकाशन के लिए जाने की जानकारी दी गई। उन्हें अवगत कराया गया कि आमजन प्रारूप निर्वाचक नामावली का अवलोकन मतदान केन्द्र परए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण ऑफिस, अन्य अभिहित स्थलों पर कर सकते हैं तथा उनका नाम होने की पुष्टि भी कर सकते हैं। यह प्रारूप निर्वाचक नामावली मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट



https//www.ceoelection.mp.gov.in पर सर्च सुविधा के साथ उपलब्ध है। अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत दोहरी प्रविष्टि वाले निर्वाचकों के नाम प्रारूप निर्वाचक नामावली में सम्मिलित नहीं है उनकी सूची का प्रदर्शन भी सीईओ एमपी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरसिंहपुर की वेबसाइट पर किया गया है। संबंधित पंचायत भवन, शहरी क्षेत्र में संबंधित नगरीय निकाय के सूचना पटल पर तथा संबंधित जनपद पंचायत के कार्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित की गई है। जिले के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्रों में गणना अवधि, म्दनउमतंजपवद च्मतपवकद्ध के दौरान 12874 मृत 4006 दोहरी प्रविष्टि 8382 अनुपस्थित तथा 20503 स्थानांतरित निर्वाचक पाएं गए जिनकी सूची पूर्व में मतदान केन्द्रवार बीएलओ. बीएलए की बैठक में साझा की गयी थीं। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि प्रारूप निर्वाचक नामावली के प्रकाशन उपरांत 23 दिसम्बर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक दावे आपत्तियों को प्रस्तुत करने का कार्य किया जाएगा। साथ ही 23 दिसम्बर 2025 से 14 फरवरी 2026 तक गणना फार्मों की जाँच के आधार पर नोटिस जारी करने तथा दावे अपत्तियों का निराकरण का कार्य किया जाएगा। बैठक में सभी से आग्रह किया गया कि प्रारूप निर्वाचक नामावली में छूटे हुए पात्र निर्वाचकों के नाम सम्मिलित कराने के लिए प्रपत्र-6 अयोग्य व्यक्ति का नाम निर्वाचक नामावली से हटाने के लिए प्रपत्र 7 एवं प्रविष्टि में सुधार आदि के लिए प्ररूप.8 में आवेदन करने में आम नागरिकों का सहयोग करें। बीएलए के माध्यम से भी प्रतिदिन 10 आवेदन मय सूची के इस वचन के साथ प्रस्तुत कर सकता है कि उसने व्यक्तिगत रूप से आवेदन प्रपत्रों के विवरण का सत्यापन कर लिया है तथा वह संतुष्ट हैं कि वे सही है। नाम जोड़ने के प्ररूप.6 के साथ एवं राज्य से बाहर से स्थानातंरित निर्वाचक के प्रकरण में घोषणा पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किया जाना है। विशेषतौर से ऐसे छूटे हुए पात्र नागरिक जो एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैंए उन्हें प्रेरित कर निर्वाचक नामावली में सम्मिलित कराने के प्रयास किया जावे। गणना पत्रकों के आधार पर प्रारूप निर्वाचक नामावली में जोड़े गए नाम की पात्रता की जांच के आधार पर नोटिस देकर पात्रता की पुष्टि करने तथा आपत्तियों की प्राप्ति एवं निराकरण का कार्य आयोग समय सारणी के अनुसार जारी रहेगा। सभी से अपील की गई कि निर्वाचक नामावलियों के संचालित विशेष गहन 2026 के सफ्ल के लिए सहयोग प्रदान कर निर्वाचक नामावलियों को शुद्ध करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका प्रतिपादित करें ताकि मजबूत लोकतंत्र सबकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

## श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दिव्य दर्शन 29 दिसंबर को, मिलेगा दुर्लभ सौभाग्य

**जागरण गाडरवारा ।** नगरवासियों एवं समस्त शिव भक्तों के लिए यह अवसर अत्यंत दिव्य ऐतिहासिक और दुर्लभ होने जा रहा है। देवों के देवए देवाधिदेव भगवान शिव के श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग अपने दिव्य दर्शन एवं आशीर्वाद प्रदान करने हेतु 29 दिसंबर 2025 सोमवार कोगाडरवारा नगर पधार रहे हैं। यह कोई सामान्य शिवलिंग नहींए बल्कि वही मूल सोमनाथ ज्योतिर्लिंग हैए जो प्राचीन काल में सोमनाथ मंदिर में विराजमान था। इतिहास गवाह है कि वर्ष 1020-1024 ईस्वी के दौरान सोमनाथ मंदिर पर आक्रमण हुआ था। उस कठिन काल में दिव्य ज्योतिर्लिंग की रक्षा एवं संरक्षण के लिए उसे विभिन्न स्थानों पर सुरक्षित रखा गया। लगभग 1000 वर्षों के पश्चातए वही पावन, चैतन्य एवं दिव्य श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग पुनः भक्तों को दर्शन देने आ रहे हैं। शंकराचार्य से संत परंपरा तक का दिव्य संरक्षण रहा वर्ष 1924 में इन पावन ज्योतिर्लिंगों को शंकराचार्य जी के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। उनके मार्गदर्शन अनुसार भारत की स्वतंत्रता एवं श्रीराम मंदिर निर्माण के उपरांत इन्हें दक्षिण भारत की संत परंपरा को सौंपा गया। वर्तमान में यह दिव्य धरोहर परम श्रद्धेय श्री श्री रविशंकर जी के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में है। शिव कृपा का अलौकिक अवसर शास्त्रों में कहा गया है कि जिस स्थान पर ज्योतिर्लिंग विराजमान होते हैंए वहां स्वयं महादेव उपस्थित होते हैं। यह अवसर पापों से मुक्तिए कष्टों के नाशए मनोकामना पूर्ति एवं शिव कृपा प्राप्ति का अद्भुत माध्यम माना जाता है। ऐसा सौभाग्य जीवन में बार.बार नहीं मिलता। गाडरवारा नगर को यह ऐतिहासिक एवं दिव्य अवसर प्राप्त होना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम इस प्रकार हे रुद्राभिषेक एवं सत्संग दिनांक 29 दिसंबर समय प्रातः 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक स्थान मानस धाम परिसर कामती रोड पर आयोजित है।

## रोटरी क्लब ने बच्चों को किया गर्म वस्त्रों का वितरण

**गाडरवारा।** मंगलवार को रोटरी क्लब गाडरवारा द्वारा गोद ली गई नगर की गंज प्राथमिक शाला में बच्चों को ठंड के मौसम से राहत देने के उद्देश्य से स्वेटरए मोजों का वितरण किया। इसके अलावा सभी बच्चों को बिस्कुट भी वितरित की गईं। इस अवसर पर पूर्व असिस्टेंट गवर्नर मिनेन्द्र डागा ने कहा कि क्लब द्वारा समाजसेवा से जुड़े कार्यों को हमेशा प्राथमिकता के आधार पर किया जाता है। रोटरी क्लब अध्यक्ष सुरेन्द्र साहू ने कहा कि आगामी समय में भी इसी तरह के कार्य किये जाएंगे। रोटरी शिक्षा समिति अध्यक्ष अमित पटैल के संयोजन में हुए इस आयोजन में सहायक संचालक सुश्री सीमा डोंगरेए रोटरी सचिव मनोज वसाए कोषाध्यक्ष विमल गुप्ताए सुनील श्रीवास्तवए अशोक राजपूतए मनीष जायसवालए मोनू बड़कुरए प्रियांक सोनीए अक्षय जैन सहित जनशिक्षक प्रदीप मालवीयए शाला के शिक्षकों एवं बच्चों की उपस्थिति प्रमुख रूप से रही।

## कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में आवेदकों ने विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 120 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका उन आवेदन पत्रों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। अन्य अधिकारियों ने भी जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी और उनकी समस्याओं का निराकरण किया।

## जनसुनवाई में आए धन्नालाल प्रजापति को मिली कान की मशीन

जनसुनवाई में गाडरवारा तहसील के ग्राम आमगांवबड़ा के आवेदक धन्नालाल प्रजापति अपनी शिकायत लेकर जनसुनवाई में पहुंचे। उन्हें कम सुनाई देने पर कलेक्टर श्रीमती सिंह ने तत्काल सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग को कान में सुनने की मशीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## आज चर्च में मनाया जाएगा क्रिसमस



**जागरण गाडरवारा ।** स्थानीय मेथोडिस्ट चर्च में आज प्रभु यीशु मसीह का जन्मदिनए क्रिसमस डे बड़े जोर.शोर से मनाया जाएगा ! क्रिसमस प्रभु यीशु मसीह के जन्म का प्रतीक है पास्टर विपिन मसीह के अगुवाई में केंडिल जलाकर विशेष प्रार्थना और दुआ की जाएगी। चर्च को विद्युत साज.सज्जा से सजाया गया है और सांता क्लॉस के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे । मसीह समाज उत्साह के साथ क्रिसमस मनाएगा दृ सुबह से चर्च में विशेष आराधना और विभिन्न कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे। चर्च में प्रार्थना में क्रिसमस ट्री सांता क्लॉस और गिफ्ट के साथ प्रेम और शांति का संदेश दिया जाएगा । मेथोडिस्ट चर्च के व्यवस्थापक संजय राजकुमार ने यह जानकारी दी हे ।

## शास. हाईस्कूल चिरहकलां में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**जागरण गाड़रवारा।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष अखिलेश शुक्ला जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर के निर्देशानुसार एवं तहसील विधिक सेवा समिति गाडरवारा के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश श्रीमति संतोषी वासनिक के मार्गदर्शन में शासकीय हाई स्कूल ग्राम पंचायत चिरहकला गाडरवारा में ष्राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस एवं पैन इंडिया पर्यावरण विधिक साक्षरता एवं सामुदायिक संरक्षण पहल अंतर्गत प्रोटेक्ट टुडे स्क्योर टुमारों विषय पर न्यायाधीश श्री अजय सिंह यादव जेएमएफसी गाडरवारा की उपस्थिति में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन तहसील विधिक सेवा समिति गाडरवारा द्वारा किया गया । उक्त विधिक साक्षरता शिविर में अजय सिंह यादव जेएमएफसी गाडरवारा द्वारा विद्यार्थियो को उपभोक्ता जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई एवं उनके अधिकारों एवं अधिकारों के हनन होने पर कानूनी प्रक्रिया के बारे में भी अवगत कराया गया। इसके साथ ही यह भी बताया कि मोटरयान का प्रयोग करते समय यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वाहन का बीमा अवश्य हो तथा वाहन चलाने के लिए ड्राईविंग लाइसेंस भी हो क्योंकि यह कानूनी अपराध के साथ सामाजिक अपराध भी है। उन्होंने बच्चों को बेड टच.गुड टच की जानकारी व लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के विधिक प्रावधानों के साथ ही विद्यार्थियों से नैतिक मूल्यों के विकास तथा समाज के प्रति संवेदनशील रहने की सलाह दी।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया | Union Bank of India | भारत सरकार का उपक्रम | A Government of India Undertaking

शाखा- आईटीआई रोड होशंगाबाद
पता- आईटीआई रोड हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, गवर्मेंट कृषि उपज मंडी के पीछे, होशंगाबाद - 461001
Mail ID- ubin0819093@unionbankofindia.bank

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) का परन्तुक देखें ]

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का कब्जा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नवर्णित ऋणियों से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार) की निम्नवर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक **28 जनवरी 2026** को बेचा जाएगा।

| ऋणी (यो)/ बंधककर्ता (ओ)/ जमानतदार (रो) का नाम | अनुसूची (संपत्ति का विवरण) | आरक्षित मूल्य / ईएमडी | मांग सूचना अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणी- 1.मेसर्स नर्मदापुरम सिटी हॉस्पिटल प्रा. लिमिटेड<br>2. श्री रोहित शर्मा<br>3. श्रीमती ऋषिता शर्मा पत्नि श्री रोहित शर्मा<br>4. श्री रजत शर्मा पुत्र मनोहर लाल शर्मा एवं<br>5. श्री फैजान उल हक पुत्र श्री हाजी मोहम्मद मसूद | संपत्ति का समस्त भू भाग डायवर्टेड व्यवसायिक प्लाट क्षेत्रफल- 1210 वर्गमीटर अर्थात 13024.33 वर्गफुट, डायवर्टेड खसरा नंबर 567/1/2 (पुराना खसरा नंबर 567/1) ग्राम रायपुर मेसर्स नर्मदापुरम सिटी हॉस्पिटल प्रा. लिमिटेड, पी.एच. क्रमांक 19 तहसील जिला नर्मदापुरम, चर्तुसीमाएँ: पूर्वः नहर की सड़क, पश्चिमः मेहरा जी की कृषि भूमि, उत्तरः अजय मीना का क्षेत्र, दक्षिणः विक्रेता का शेष क्षेत्र। | ₹ 1,96,50,000/-<br>₹ 19,65,000/- | ₹ 44321389/- + ब्याज एवं खर्चे<br>मांग सूचना दिनांक 31/07/2025 |

ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 28-01-2026, दोपहर 12.00 से सायं 5.00 बजे तक (10 मिनिट के असीमित विस्तार पर)

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट देखें।
www.unionbankofindia.co.in & https://baanknet.com
पंजीयन, लॉगइन एवं नीलामी के नियम हेतु अवलोकन करें- https://baanknet.com
तारीख : 23.12.2025, स्थानः नर्मदापुरम (म.प्र.) प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

## न्यूज कार्नर

### कांग्रेस के स्थापना दिवस पर 28 को सद्भावना रैली

**जागरण, इटारसी।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 140 वें स्थापना दिवस के ऐतिहासिक अवसर पर जिला कांग्रेस के निर्देशानुसार, नगर कांग्रेस कमेटी इटारसी द्वारा 28 दिसंबर को एक सद्भावना रैली का आयोजन किया जा रहा है। नगर कांग्रेस कमेटी के अनुसार, रैली का शुभारंभ सुबह 11 बजे शहर के मुख्य केंद्र जय स्तंभ चौक से होगा। यहां सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी एकत्र होंगे, जिसके पश्चात रैली के रूप में सभी गांधी स्टेडियम पहुंचेंगे। स्टेडियम स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ रैली का समापन किया जाएगा। आयोजन में सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सफेद कपड़ों में उपस्थित होने का विशेष आग्रह किया गया है, जो शांति और सद्भावना का प्रतीक है।

### फुटबॉल का डे-नाइट टूर्नामेंट 28 से

**जागरण, इटारसी।** शहर के फुटबॉल प्रेमियों के लिए एक रोमांचक खबर है। फाइटर फुटबॉल क्लब इटारसी के तत्वावधान में 28 दिसंबर से फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज होने जा रहा है। डे-नाइट प्रारूप में खेली जाएगी। टूर्नामेंट में प्रथम पुरस्कार 7 हजार और ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 3 हजार और ट्रॉफी रहेगी। प्रतियोगिता का आयोजन इटारसी के प्रसिद्ध खेल प्रशाल मैदान, खेड़ा में किया जाएगा। आयोजन समिति ने खेल को संतुलित और रोमांचक बनाने के लिए विशेष नियम निर्धारित किए हैं। एक टीम में कुल 9 खिलाड़ी होंगे। टीम में 4 खिलाड़ी 35 वर्ष से अधिक आयु के, 4 खिलाड़ी 40 वर्ष से अधिक आयु के और 1 खिलाड़ी किसी भी उम्र का खेल सकता है।

### कल से गूंजेगी भागवत महिमा

**जागरण, इटारसी।** शहर के वृंदावन गार्डन में 26 दिसंबर शुक्रवार से सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन होने जा रहा है। आयोजन के प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कथा के प्रथम दिवस 26 दिसंबर पर सुबह 10 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा पार्क मंदिर पानी की टंकी के पास, न्यास कॉलोनी से प्रारंभ होकर वृंदावन गार्डन पहुंचेगी। कलश यात्रा के पश्चात दोपहर से मुख्य कथा का शुभारंभ होगा। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से इस गरिमामयी यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

### एमजीएम कॉलेज में टेली, कुकिंग प्रशिक्षण

**जागरण, इटारसी।** शासकीय एमजीएम महाविद्यालय में टेली कोर्स एवं कुकिंग व बेकिंग के अल्पकालिक रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण 22 जनवरी तक चलेगा, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाना है। प्रशिक्षण का उद्घाटन करते हुए प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता ने कहा कि भोजन जब भावनाओं और रुचि के साथ पकाया जाता है, तभी वह स्वास्थ्यकर होता है। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उल्लेख करते हुए बताया कि इंटर्नशिप और कौशल विकास अब पाठ्यक्रम का अनिवार्य हिस्सा हैं, जो छात्रों में पंछी की तरह आसमान चीरने का आत्मविश्वास भरते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालयीन स्टाफ एवं छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रही।

# रपटे पर रार, पंचायत ने थमाया मरहम ग्रामीण बोले–हमें चाहिए स्थायी इलाज

**ग्राम पंचायत घाटली में रपटा और रोड निर्माण को लेकर ग्राम पंचायत और कुछ ग्रामीण आमने-सामने आ गये हैं। यहां विवाद की यह स्थिति प्रशासन के लिए एक सबक है कि कामचलाऊ विकास अक्सर जनता के गले नहीं उतरता। विरोध की आग की तपन जनप्रतिनिधियों तक पहुंचती है या नहीं। देखना होगा कि क्या जनप्रतिनिधि हस्तक्षेप कर इस रपटे की रार को खत्म करने के लिए अतिरिक्त फंड मुहैया कराते हैं या ग्रामीण इसी अधूरे समाधान के साथ जीने को मजबूर होंगे।**



जागरण, इटारसी

विकास की इबारत जब बजट की सीमाओं में कैद हो जाए, तो वह जनसुविधा के बजाय जन–आक्रोश का कारण बन जाती है। इटारसी से सटी ग्राम पंचायत घाटली में इन दिनों कुछ ऐसा ही घमासान मचा है। यहां एक नाले पर बन रहे रपटे ने पंचायत प्रशासन और ग्रामीणों को आमने–सामने खड़ा कर दिया है। ग्रामीण इसे अधूरा विकास बता रहे हैं, तो पंचायत इसे तात्कालिक राहत का नाम दे रही है।

#### पाइप का आकार और भविष्य की चिंता

करीब 4000 की आबादी वाली घाटली पंचायत के तीन मोहल्लों को जोड़ने वाले इस मार्ग पर 1 लाख 6 हजार रुपये की लागत से रपटा निर्माण किया जा रहा है। 40 मीटर लंबे और साढ़े तीन मीटर चौड़े इस रपटे को लेकर ग्रामीणों का तर्क है कि बिना बड़े पाइपों के यह निर्माण बेकार है। ग्रामीणों को डर है कि जल निकासी की सही व्यवस्था न होने से साल भर नाले का गंदा पानी सड़क पर जमा रहेगा, जिससे पैदल चलना भी दूभर हो जाएगा।

#### पंचायत की दलील, जितनी चादर, उतने पैर

विवाद के बीच पंचायत सचिव रघुवीर मिश्रा का कहना है कि ग्रामीणों की मांग पूरी करने के लिए 10 से 15 लाख रुपये का भारी–भरकम बजट चाहिए, जो पंचायत के पास फिलहाल नहीं है। पंचायत का दावा है कि यहां बड़े–बड़े गड्ढों के कारण आए दिन हादसे हो रहे थे और ट्रालियां पलट रही थीं। इस एक्सीडेंट जोन को सुधारने के लिए फिलहाल सीमित बजट में नाले पर सीमेंट रोड बनाई जा रही है।

#### जिम्मेदार का जवाब

यहां बड़े गड्ढों से लोग गिर रहे थे, इसलिए वर्तमान समस्या के हल के लिए यह काम करा रहे हैं। आगे चलकर यहां प्रधानमंत्री सड़क योजना से हाईवे वाला नया रोड भी आना है। फिलहाल बड़े पाइपों के लिए हम विधायक और सांसद निधि से राशि की मांग करेंगे।

**रघुवीर मिश्रा**, सचिव, घाटली

#### ये हैं विवाद के कारण

- **लागत का पेच :** मात्र 1.06 लाख के बजट में हो रहा निर्माण, जबकि ग्रामीण 15 लाख वाली पुलिया की मांग पर अड़े।
- **20 साल का इंतजार :** ग्रामीणों का आरोप है कि दो दशक बाद काम शुरू हुआ, वह भी गुणवत्ताहीन।
- **निकासी संकट :** छोटे पाइप होने के कारण सड़क पर गंदा पानी भरने की आशंका।
- **सियासी उम्मीद :** अब विधायक और सांसद निधि के भरोसे है बड़े पाइपों का काम।

#### अपनों की पीड़ा

20 साल बाद सड़क नसीब हो रही है, लेकिन पंचायत की हठधर्मिता देखिए कि काम में कोई गुणवत्ता नहीं है। ग्रामसभा में चिल्लाने के बाद भी कोई सुनने वाला नहीं है।

**सीताराम वर्मा**, स्थानीय निवासी

सरपंच को कई बार बताया कि यहां बड़े पाइप डालना जरूरी है। बिना नाली और पाइप के यह रपटा पहली बारिश में ही जवाब दे जाएगा।

**दिलीप कुमार**, ग्रामीण

### शिव भक्ति में डूबी जमानी वालों की चाल

# शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़




**जागरण, इटारसी।** शहर के वार्ड 22, जमानी वालों की चाल में आध्यात्म की अविरल धारा बह रही है। यहां सरस्वती सेवा समिति एवं गृहलक्ष्मी महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। पूरा वातावरण ओम नमः शिवाय के जयघोष से शिवमय हो गया।

#### शिव अभिषेक के साथ हुई शुरुआत

कथा के द्वितीय दिवस का शुभारंभ भगवान शिव के विधि–विधान से अभिषेक के साथ हुआ। पूजन में मुख्य यजमान के रूप में दीपक राजपूत एवं उनकी धर्मपत्नी सम्मिलित हुए। मंत्रोच्चार और शिव स्तुति के साथ महादेव का श्रृंगार किया गया। कथावाचक पं. देवेंद्र दुबे ने दूसरे दिन भगवान शिव के करुणामय स्वरूप का वर्णन किया। उन्होंने कथा के दौरान कहा कि भगवान शिव आदिदेव हैं, जो इस सृष्टि के कण–कण में विद्यमान हैं। वे भोले भंडारी हैं, जो मात्र सच्ची श्रद्धा और निष्काम भक्ति से ही अपने भक्तों पर असीम कृपा बरसाते हैं। उन्होंने वैराग्य, सदाचार और शिव नाम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कलयुग में शिव का स्मरण ही दुखों से मुक्ति का मार्ग है। भजनों की प्रस्तुति पर श्रद्धालु भाव–विभोर होकर झूम उठे। आयोजन को सफल बनाने में सरस्वती सेवा समिति और गृहलक्ष्मी महिला मंडल की महिलाओं व सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। कथा के अंत में आरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# नए फुट ओवरब्रिज बुकिंग विंडो पर जुटने लगीं सुविधाएं, यात्रियों को मिली राहत

**जागरण, इटारसी।** दैनिक जागरण में यात्रियों की परेशानियों को प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद रेलवे प्रशासन ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। नए फुट ओवरब्रिज के नीचे स्थित बुकिंग विंडो के पास अब सुविधाओं का विस्तार शुरू हो गया है, जिससे यात्रियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।



रेलवे स्टेशन के नए फुट ओवरब्रिज के पास बुकिंग विंडो तो शुरू कर दी गई थी, लेकिन वहां यात्रियों के बैठने, पीने के पानी और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव था। इस समस्या को दैनिक जागरण ने अपनी रिपोर्ट के माध्यम से उजागर किया था।

**जागरण खबर का असर**

खबर का संज्ञान लेते हुए जेडआरयूसीसी सदस्य राजा तिवारी ने मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने यात्रियों की कठिनाइयों को देखते रेल अधिकारियों को तत्काल बैठने के लिए बेंच, पेयजल व्यवस्था, यूरिनल और शौचालय का इंतजाम करने के निर्देश दिए थे।

#### बेंच लगी, अब पानी की सुविधा भी शुरू

निरीक्षण और निर्देशों का असर दूसरे ही दिन देखने को मिला। अधिकारियों ने निर्देश के अगले ही दिन यात्रियों के बैठने के लिए बेंच लगवा दी थीं। अब वहां पीने के पानी की व्यवस्था भी सुनिश्चित कर दी गई है। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, यात्रियों के लिए यूरिनल और शौचालय का निर्माण भी जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।

# जहां नागरिक, वहीं नगरपालिका अभियान का शंखनाद

**जागरण, इटारसी।** नगर की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए नगरपालिका परिषद इटारसी ने एक अनूठी पहल शुरू की है। जहां नागरिक, वहीं नगरपालिका अभियान के तहत अब नगर सरकार दफ्तरों से निकलकर सीधे जनता के वार्डों तक पहुंच रही है। 24 दिसंबर को वार्ड 33 के नीमेश्वर मंदिर परिसर से इस अभियान का औपचारिक आगाज हुआ।

नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने स्वयं शिविर की कमान संभाली और वार्डवासियों के बीच बैठकर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि अब जनता को छोटे–छोटे कामों के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे, बल्कि प्रशासन खुद उनके पास आएगा। शिविर में मुख्य रूप से नाली निर्माण, स्ट्रीट लाइट, अतिक्रमण और स्वच्छता से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुईं।

**अवैध नल कनेक्शन पर सख्ती :** वार्ड में रिकॉर्ड से आधे (150) वैध नल कनेक्शन मिलने पर नपाध्यक्ष ने नाराजगी जताई। उन्होंने पंप ऑपरेटर को घर–घर जाकर सर्वे करने और 300 से अधिक मकानों की जांच कर प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए।

**अतिक्रमण और स्वच्छता :** सड़क पर लावारिस खड़ी कारों और सरकारी जमीन पर चबूतरे व अतिक्रमण की शिकायतों पर संबंधित मालिकों को तत्काल नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

**गंदगी फैलाने वाले ठेकेदारों पर नकेल :** रेलवे ठेकेदार द्वारा सड़क पर गंदगी फेंकने की शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग को फटकार लगाते हुए नोटिस जारी करने को कहा गया।

**इंजीनियर को समयसीमा :** बैरी बाबा से साहू मेडिकल तक मुख्य नाली निर्माण के लिए इंजीनियर को 7 दिन के भीतर एस्टीमेट तैयार करने का अल्टीमेटम दिया गया।

### Notice of Name modification

I am Dayaram yadav age 59 yrs, Residence of R.B.1-393-B Azad nagar New Yard Itarsi, Distt. Narmdapuram (M.P.) Stated that in my service record my name is written as Dayaram S/o late shri Ramadhar Bhola, which is not correct. My correct/actual name is Dayaram yadav S/o Shri Ramadhar Yadav, which is verified in Adhar card, pan card.

# गुरुसिंघ सभा ने जयस्तंभ चौक पर किया गर्म दूध का वितरण



**जागरण, इटारसी।** श्रीगुरु गोबिंद सिंघ महाराज के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में बुधवार की शाम जयस्तंभ चौक पर गुरुसिंघ सभा ने राहगीरों और श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में गर्म दूध का वितरण किया गया। कार्यक्रम में विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने गुरु महाराज के चरणों में नमन करते हुए समाज को प्रकाश पर्व की बधाई दी। इस सेवा कार्य में नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, सागर शिवहरे, उपाध्यक्ष शैलेंद्र दुबे, पार्षद राहुल प्रधान सहित युवा नेता सन्नी छाबड़ा और हन्नी छाबड़ा भी मौजूद रहे। दूध वितरण के इस सेवा कार्य में डॉ. ताविश अरोरा, बिट्टू मामा, रिंकू भाटिया, गोलू भाटिया, मलकीत सिंह भाटिया और रम्पु सहित गुरुसिंघ सभा के अनेक सेवादारों ने सक्रिय योगदान दिया।

# गिरिजाघरों में उमड़ा उत्साह घर-घर गूंजेंगे केरॉल के सुर

**जागरण, इटारसी।** शहर के गिरिजाघरों में प्रभु यीशु के जन्मोत्सव की तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। सेक्रेट ऑफ जीजस रोमन कैथलिक चर्च के जॉर्ज फर्नांडीज ने जानकारी दी कि 15 से 20 दिसंबर तक घर–घर जाकर केरॉल सिंगिंग का दौर पहले ही संपन्न हो चुका है।

क्रिसमस के अवसर पर खेल प्रतियोगिताएं, संस्कार संबंधी चर्चाएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम और कैंप फायर आकर्षण का केंद्र रहेंगे। आज रात 12 बजे विशेष प्रार्थना सभा के बाद पर्व की खुशियां मनाई जाएंगी, केक और कॉफी बांटी जाएगी, जिसके बाद तड़के सुबह से केरॉल सिंगिंग और शुभकामनाओं का दौर शुरू होगा। चर्चों में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शहर के विभिन्न चर्चों जैसे इवेंजेलिकल लूथरन चर्च और पेंटेकोस्टल चर्च ऑफ गॉड, फ्रेन्ड्स चर्च, ईएलसी चर्च में विशेष आराधना और क्रिसमस जलसा आयोजित किए गए। पर्व के दौरान खेल प्रतियोगिताएं, संस्कार चर्चाएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम और कैंपस फायर जैसे सामुदायिक आयोजन किए जा रहे हैं। 24 दिसंबर की रात 12 बजे के बाद विशेष मध्यरात्रि प्रार्थना के साथ खुशियां मनाई गईं। चर्चों को रोशनी और सुंदर सजावट से सजाया गया है। स्थानीय बेकरी और प्रतिष्ठानों में क्रिसमस केक और उपहारों की भारी मांग देखी जा रही है।

### बिना संत और संस्कारों के परिवार बचाना मुश्किलः राधाकृष्ण

**जागरण, इटारसी।** शहर में आयोजित तीन दिवसीय संगीतमय नानी बाई रो मायरो कथा का समापन हुआ। इस अवसर पर जोधपुर के कथावाचक राधा कृष्ण महाराज ने संस्कारों और संस्कृति पर जोर देते हुए कहा कि पाश्चात्य संस्कृति के बढ़ते प्रभाव के बीच परिवार और समाज को बचाने संतति और संतों की वाणी का अनुसरण आवश्यक है। महाराज ने कहा कि आज के दौर में लोग बुराई जल्दी अपनाते हैं। उन्होंने आग्रह किया कि वे अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

विश्राम दिवस पर मुख्य यजमान मालपानी परिवार के नीलेश, आयुष, आकाश मालपानी सहित नर्मदापुरम नपा अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, इटारसी नपा अध्यक्ष पंकज चौरे, गिरिराज कोठारी, कल्पना सतीश बांगड़, हितेश तिवारी और अन्य गणमान्य नागरिकों ने व्यासपीठ का पूजन कर आशीर्वाद लिया। अंत में महाराजश्री ने सफल आयोजन के लिए नगर पालिका, पुलिस प्रशासन, विद्युत मंडल, पत्रकारों और सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## शिक्षा-जगत

### साईं विद्या मंदिर स्कूल के बच्चों ने पिकनिक और खेलों के साथ मनाया जश्न

# नेहरू पार्क नर्मदापुरम का भ्रमण, गूंजी बच्चों की किलकारियां

**जागरण, इटारसी।** प्रकृति की गोद और खिलखिलाते चेहरे... कुछ ऐसा ही नजारा आज जिला मुख्यालय स्थित नेहरू पार्क में देखने को मिला। न्यास कॉलोनी, इटारसी स्थित साईं विद्या मंदिर स्कूल के पिकनिक सह भ्रमण पखवाड़े के तहत आज कक्षा 1 से 4 तक के लगभग 150 बच्चों ने नेहरू पार्क का भ्रमण किया।



#### मनोरंजन के साथ मानसिक विकास

स्कूल संचालक आलोक गिरोटिया ने बताया कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होनी चाहिए। बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए उन्हें प्रकृति और बाहरी परिवेश से रूबरू कराना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से पूरे दिसंबर माह में विभिन्न कक्षाओं के लिए भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शीत ऋतु की सुनहरी धूप के बीच बच्चों ने पार्क के खूबसूरत नजारों का आनंद लिया। इस सफल आयोजन के लिए स्कूल प्रबंधन ने विशेष रूप से डॉ. सीतासरन शर्मा विधायक, नर्मदापुरम, श्रीमती नीतू यादव, नगर पालिका अध्यक्ष नर्मदापुरम, हेमेश्वरी पटले सीएमओ, महेंद्र यादव विधायक प्रतिनिधि और स्कूल स्टाफ की शिक्षिकाओं के प्रति आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से बच्चों का यह दिन यादगार बन सका।

#### नए साल का स्वागत

नर्मदापुरम के नेहरू पार्क के हरे–भरे मैदानों में बच्चों ने न केवल झूलों का आनंद लिया, बल्कि आगामी नववर्ष 2026 के स्वागत में आयोजित विभिन्न खेल गतिविधियों में भी बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। शिक्षकों के मार्गदर्शन में हुए इन खेलों ने बच्चों को ऊर्जा और उत्साह से भर दिया। बच्चों की हंसी और उत्साह को देखकर पार्क में मौजूद अन्य पर्यटक भी मंत्रमुग्ध नजर आए।

#### परीक्षा से पहले मिला एनर्जी डोज

फरवरी माह में होने वाली परीक्षाओं को देखते हुए यह भ्रमण बच्चों के लिए एक रिफ्रेशर की तरह रहा। स्कूल संचालक आलोक गिरोटिया के अनुसार, कोर्स लगभग पूरा हो चुका है और परीक्षा के तनाव से पहले इस तरह के आयोजन से बच्चे दोगुनी ऊर्जा के साथ पढ़ाई में जुट सकेंगे।




